**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# <u>राज्यपाल की अध्यक्षता में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की बैठक सम्पन्न</u>

लखनऊः 12 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की अध्यक्षता में आज राजभवन में आयोजित रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड की 46वीं बैठक में निणर्य लिया गया कि अरबी भाषा की श्रेणी में एक लाख ग्याराह हजार रूपये का नवाब फैज़ुल्ला खां एवार्ड अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो0 एम0 सलाहुद्दीन उमरी को तथा उर्दू प्रकाशक की श्रेणी का एक लाख रूपये का मुंशी नवल किशोर एवार्ड इस्लामिक बुक फाउण्डेशन, नई दिल्ली को दिया जायेगा। संस्कृत की श्रेणी के लिये नवाब रज़ा अली खां एवार्ड 2015-16 के लिये केवल एक नाम प्राप्त हुआ था, जिसके कारण इस एवार्ड के लिये दोबारा विज्ञापन दिया जायेगा। बोर्ड के सदस्यों ने सम्मान समारोह की तिथि तय करने के लिये राज्यपाल श्री राम नाईक जो पदेन लाइब्रेरी बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, को अधिकृत कर दिया है।

बैठक में प्रो0 आई0आर0 जैदी, प्रो0 अब्दुल अली, प्रो0 आई0एम0 खान, श्री नसीम अहमद खान, श्री नवाब मोहम्मद अली खान, श्री जगदीश पीयूष, राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जुथिका पाटणकर, जिलाधिकारी रामपुर, श्री राजीव रौतेला, प्रधान महालेखाकार, इलाहाबाद, श्री एस0पी0 कटारिया, कार्यकारी निदेशक लाइब्रेरी, सुश्री दीपिका पोखरना तथा रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

श्री नाईक ने कहा कि रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के पूर्णकालीन निदेशक के लिये संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को दोबारा लिखा जायेगा। रामपुर रजा लाइब्रेरी में कर्मचारियों की स्थिति का आंकलन करने के लिये एक प्रशासनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये जिसके आधार पर यह तय हो सके कि कितने नियमित पदों की जरूरत है तथा उन पर विचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक रिपोर्ट को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के हितों का आंकलन करते हुए तैयार किया जाना चाहिये।

राज्यपाल ने कहा कि रामपुर रज़ा लाइब्रेरी भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों का एक कलेन्डर बनाकर अध्यक्ष की जानकारी के लिये भेंजे। इस कार्य के लिये उन्होंने चार सदस्यीय सह-समिति का गठन करने की बात कही जिसमें निदेशक उसके संयोजक होंगे तथा प्रो0 अब्दुल अली, प्रो0 आई0एम0 खान, प्रो0 आई0आर0 जैदी व पुस्तकालय अध्यक्ष उसके सदस्य होंगे। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठी के आयोजन के लिये यह सह-समिति निर्णय करेगी। उन्होंने कहा कि रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के जो भी प्रकाशन हों उसकी प्रति सभी सदस्यों को भी उपलब्ध कराई जाये।

श्री नाईक ने इस बात की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के लिये गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 7वीं शताब्दी में हजरत अली द्वारा लिखित पवित्र कुरान की छाया प्रति ईरान के आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी खामेनाई को भेंट किया तथा ईरान के राष्ट्रपति डा0 हसन रूहानी को सुमेर चन्द द्वारा लिखित फारसी की वाल्मीकि रामायण भेंट की। उल्लेखनीय है कि हजरत अली द्वारा लिखित कुरान तथा फारसी में सुमेर चन्द द्वारा लिखित वाल्मीकि रामायण की प्रतियां रामपुर रज़ा लाइब्रेरी से मंगाई गई थी।

बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि की गई तथा लाइब्रेरी से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (242/12)

'रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड'
की 46 वीं बैठक
जुलाई, 2016, पुर्वान्ह 11:00 बजे
राजभवन, लखनऊ

'रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड'
की 46 वीं बैठक
जुलाई, 2016, पुर्वान्ह 11:00 बजे
राजभवन, लखनऊ